-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 31.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- ❖ **अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक बांदा के नेतृत्व में जनपद में त्वरित एवं प्रभावी कार्य करते हुए अपराधियों पर की गई कड़ी कार्यवाही।**
- ❖ **जनपद की शान्ति एवं कानून व्यवस्था पर खतरा बने माफियाओं, अपराधियों व तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर, गुण्डा एक्ट के तहत की गयी कड़ी कार्यवाही।**
- ❖ **जनवरी 2024 से दिसम्बर- 2024 तक 241 अभियुक्तों पर गुण्डा एक्ट तथा 42 अभियुक्तों पर जिला बदर की, की गई कार्यवाही। 37 अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 13 अभियुक्तों की 12.69 लाख रुपये की अवैध सम्पत्ति को किया गया जब्त।**
- ❖ **कुल 19 माफियाओं पर कार्यवाही करते 10.92 करोड़ की सम्पत्ति को किया गया जब्त। आपरेशन कान्विक्शन के तहत अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों को प्रभावी पैरवी के माध्यम से जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक कुल 394 अभियुक्तों को दिलाई गयी सजा।**
- ❖ **अवैध शस्त्रों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 04 शस्त्र फैक्ट्री के साथ 155 अवैध शस्त्र व 225 कारतूस किया गया बरामद।**

विवरण- अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज श्री भानू भाष्कर व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियत्रंण लगाये जाने, माफियाओं व गैंगस्टर के विरुद्ध कार्यवाही मिशन शक्ति के तहत महिला सम्बन्धी अपराधो पर कार्यवाही करने, थानों में कार्य के प्रति अनुकुल वातावरण तैयार करने तथा सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित करने जैसे कई त्वरित एवं प्रभावी कार्य किये गये। इस सम्बन्ध में जनपद में जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक कृत कार्यवाहियों का विवरण निम्नलिखित है –

1- **माफियाओं के विरुद्ध की गई कार्यवाही-** जनपद में माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये अवैध खनन, सट्टा तथा आपराधिक कृत्यो में लगातार संलिप्त रहकर अवैध तरीके से धनार्जन करने तथा समाज में भय व्याप्त करने वाले 19 माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही की गयी जिसमें इन माफियाओं की कुल **₹109259760**/ रुपये की सम्पत्तियों को जब्त किया गया।

2- **लगातार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने वाले 37 अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये कुल 12.69 करोड़ की सम्पत्ति को किया गया जब्त-** लगातार अपराध में संलिप्त रहने तथा गैंग बनाकर जनपद की कानून व्यवस्था पर खतरा बने 37 अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें 13 अभियुक्तों पर धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उनके द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई कुल 12.69 करोड़ रुपये की सम्पत्ति को जब्त किया गया।

3- **214 अभियुक्तों पर गुण्डा एक्ट के तहत की गई कार्यवाही, 42 को कराया गया जिला बदर-** जनपद में आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने वाले कुल 214 अभियुक्तों पर गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई जिसमें 42 अभियुक्तों को जिलाबदर कराया गया।

4- **ऑपरेशन कान्विक्शन के क्रम में कुल 394 अभियुक्तों को दिलायी गई सजा-** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कान्विक्शन के तहत जनपद में त्वरित विवेचना एवं प्रभावी पैरवी के माध्यम से मा0 न्यायालय से त्वरित कार्यवाही करते हुये वर्ष 2024 से कुल 394 अभियुक्तों को सजा दिलायी दिलाई गई। जिसमें 01 अभियुक्त को मृत्युदंड, 17 अभियुक्तों को आजीवन कारावास तथा 50 अभियुक्तों को 07 वर्ष से अधिक के कारावास से दण्डित कराया गया।

5- **यातायात सम्बन्धी अभियान चलाकर कुल 57838 वाहनों के किये गये चालान व 238 वाहन किये गये सीज-** जनपद में सड़क सुरक्षा अभियान के क्रम में जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक कुल 57838 वाहनों का चालान करते हुए कुल 7.93 करोड़ रुपये का जुर्माना किया गया तथा कुल 238 वाहनों को सीज किया गया।

6- **जनपद में कुल 282 गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द** - ऑपरेशन मुस्कान के तहत वर्ष 2024 में जनपद में कुल 282 गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

7- **वर्ष 2024 में लूट की घटना में आई कमी-** वर्ष 2024 में जनपद में लूट की घटनाओं में कमी आई है। वर्ष 2021 में 12 व वर्ष 2022 में 12 के सापेक्ष वर्ष 2024 में लूट के 05 अभियोग पंजीकृत किये गये, पंजीकृत सभी पांचों मामलों का खुलासा करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा उनके पास से लूटा गया माल बरामद किया गया।

8- **अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही-** वर्ष 2024 में अवैध मादक पदार्थ के तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 1413.80 किग्रा अवैध गांजा, 0.325 ग्राम अवैध चरस व 0.081 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया। NDPS एक्ट के तहत कुल 91 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

9- **वर्ष 2024 में जनपद में कुल 135 परिवारों को टूटने से बचाया गया-** वर्ष 2024 में जनपद में पुलिस द्वारा आपसी सुलह समझौता व काउन्सलिंग के माध्यम के कुल 135 परिवारों को टूटने से बचाया गया।

10- **गम्भीर अपराधों का खुलासा/अनावरण-** वर्ष 2024 में कई गम्भीर अपराधों का खुलासा किया गया जिसमें हत्या के 08 अनावरण, लूट के 05, नकबजनी के कुल 21 तथा गृहभेदन के 40 मामलों का खुलासा किया गया।

11- **अवैध शराब के विरुद्ध की गयी कार्यवाही-** जनपद में वर्ष 2024 में कुल 4397 लीटर अवैध शराब व 5500 किग्रा लहन बरामद किया गया इस दौरान 24 अवैध शराब की भट्ठियां बरामद की गई।

12- **एचएस के विरुद्ध की गयी कार्यवाही-** जनपद में अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही व निगरानी हेतु कार्यवाही करते हुए कुल 36 नये एचएस खोले गये।